पत्रांक: 95/रा भा अ /2025/ 28

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय
9, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग,
नई दिल्ली-110 124

सत्यमेव जयते

OFFICE OF THE COMPTROLLER &
AUDITOR GENERAL OF INDIA
9, DEENDAYAL UPADHYAYA MARG,
NEW DELHI - 110 124

दिनांक / DATE 16-01-2026

**सेवा में,**

1. **भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के सभी विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष**
2. **निदेशक (कार्मिक)**

**विषय: कार्यालय की गृह पत्रिका "लेखापरीक्षा प्रकाश" के 151वें अंक हेतु रचनाओं का अनुरोध**

**महोदय,**

गृह पत्रिकाएँ कर्मचारियों को अपनी प्रतिभा दर्शाने का अवसर प्रदान करती हैं और सृजनात्मक क्षमता वाले कार्मिकों को प्रोत्साहित भी करती हैं। कर्मचारियों के लेखों में कई तरह की सूचनाएँ होने से हिन्दी में किए जाने वाले कार्य को अधिकाधिक गति प्राप्त हुई है। इनके माध्यम से कार्यालय में कार्यों की प्रगति की सूचना, गतिविधियों व अन्य योजनाओं इत्यादि के बारे में जानकारी दी जाती है।

पत्रिकाओं के ही माध्यम से हमें अन्य राज्यों की संस्कृति की झलक मिलती है और इस तरह राजभाषा हिन्दी सामासिक संस्कृति की वाहिका के रूप में अपने गुरुतर दायित्व का निर्वहन करती है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक कार्यालय की गृह पत्रिका "लेखापरीक्षा प्रकाश" भी अपने ऐसे ही दायित्व का निर्वाह भली भांति कर रही है। शीघ्र ही पत्रिका के 151वें अंक का प्रकाशन होने वाला है। उसमें प्रकाशन हेतु भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के सभी अधिकारियों / कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे पत्रिका में प्रकाशन हेतु निम्नलिखित दिशानिर्देशों के अनुसार हिन्दी में अपनी रचनाएँ प्रेषित करें।

1. **विषय-वस्तु:**

   (क) रचना की विषय-वस्तु हमारे देश एवं प्रदेशों के सामाजिक नवोन्मेषों, प्रथाओं, रीति रिवाजों, प्रशासनिक अनुभवों, व्यक्तिगत संस्मरणों, राजभाषा के रूप में हिन्दी के कार्यान्वयन की प्रगति, हिन्दी में हो रहे कामकाज का विवरण, संबन्धित कार्यालय विषयक टिप्पणियाँ, तकनीकी / आर्थिक / औदयोगिक / वैज्ञानिक विषयों पर मौलिक लेख, कविताएं, लघु कथा, राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने में हिन्दी की भूमिका, प्रदेश विशेष से प्रकाशित होने वाली राजभाषा संबंधी पत्र पत्रिका में हिन्दी एवं क्षेत्रीय भाषा की साम्यता एवं निकटता दर्शानेवाली सामग्री, राजभाषा के क्षेत्र में प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों का विवरण एवं नामोल्लेख, संस्कृति, पर्यावरण आदि पर आधारित हो सकती है।

   **(ख) इसके अतिरिक्त अन्य भारतीय भाषाओं के साहित्य संबंधी (हिन्दी में) अनूदित लेख/कहानी/ संस्मरण/कविताएं/यात्रा वृत्तान्त भी प्रेषित किए जा सकते हैं। प्रेषक ऐसी रचनाओं का अनुवाद करते समय ध्यान रखें कि रचना की मूल भावना अक्षुण्ण रहे। पद्य / कविता का अनुवाद करते समय इस तथ्य का विशेष ध्यान रखा जाए। रचना के साथ संलग्न मौलिकता प्रमाणपत्र में इस आशय की सूचना भी हो कि यह रचना -------- भाषा से अनूदित की गई है एवं इसका अनुवाद मूल रचना की प्रमाणित प्रति है।**

2. **भाषा:** हिन्दी (मंगल फॉन्ट)
3. **फ़ारमैट:** वर्ड फ़ारमैट
4. **पता: (क) ईमेल:** anuragp.cag@cag.gov.in

    **(ख) भौतिक प्रति: भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली - 110010**

5. **रचनाकार का विवरण:** रचनाकार अपनी रचना के साथ निम्न विवरण अवश्य संलग्न करे -

    (क) रचनाकार का पूरा नाम

    (ख) पदनाम व कार्यालय

    (ग) मोबाइल संख्या एवं ईमेल

    (घ) मौलिकता प्रमाणपत्र: यह प्रमाणित किया जाए कि यह रचना पूर्णतः मौलिक एवं अप्रकाशित है एवं इसे अन्यत्र कहीं छपने के लिए प्रेषित नहीं किया गया है।

    (च) बैंक खाता विवरण (सेवा निवृत्त अधिकारी / कर्मचारी के लिए)

6. **प्रकाशन एवं स्वीकृति:**

    संपादकीय विभाग को प्राप्त सभी रचनाएँ पत्रिका की संपत्ति मानी जाएंगी। इनके प्रकाशन एवं सम्पादन का अधिकार पूर्णतः पत्रिका के संबंध में मुख्यालय के सक्षम अधिकारी के सुरक्षित रहेंगे और इस संबंध में किसी प्रकार की शिकायत या दावा मान्य नहीं होगा।

**भवदीय,**

16/01/26

**(भवानी शंकर)**

**महानिदेशक (राजभाषा)**